दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय,गोरखपुर–273009
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur-273009

पत्रांक : सम्बद्धता/2023/11/ 4485 दिनांक : 17/11/2023

सेवा में,

समन्वयक
आई0टी0सी0 सेल
दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।

विषय– **स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर पर शैक्षिक सत्र 2023–24 का सीट निर्धारण के उपरान्त नवीन प्रवेशित छात्रों का पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि विस्तारित करने के संदर्भ में।**

महोदय,

कृपया, विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों (अनुदानित, राजकीय एवं स्ववित्तपोषित) के नवीन प्रवेशित छात्रों (प्रथम सेमेस्टर, सत्र 2023–24) का पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की **अंतिम तिथि दिनांक 21.10.2023 तक** निर्धारित की गयी थी, जिसकी सूचना विश्वविद्यालय के पत्रांक सम्बद्धता/2023/10/4301 दिनांक 17.10.2023 द्वारा प्रेषित की गयी थी। पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 31.10.2023 एवं 07.11.2023 तक विस्तारित की गयी थी। पुनः पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक 23.11.2023 तक विस्तारित की जाती है।

अतः उपर्युक्त से अवगत होते हुए शैक्षिक सत्र 2023–24 हेतु स्नातक एवं परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में **प्रवेशित छात्रों के पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि 23.11.2023 तक विस्तारित की जाती है, जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं महाविद्यालयों की लागिन में प्रदर्शित कराते हुए** नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(प्रो0 शान्तनु रस्तोगी)
कुलसचिव

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मीडिया प्रभारी को इस आशय से प्रेषित कि छात्रहित के दृष्टिगत उक्त सूचना को समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी–सचिव कुलपति कार्यालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. प्राचार्य/प्रबन्धक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को इस आशय से सूचित कि निर्धारित **तिथि 23.11.2023 तक** पंजीकरण एवं परीक्षा शुल्क जमा कराने का कष्ट करें।
4. वैय0 सहायक कुलसचिव, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।
5. प्रभारी कमेटी, दी0द0उ0 गो0वि0वि0, गोरखपुर।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner